भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या– 975
दिनांक 05/12/2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिति

975**. डॉ. मोहम्मद जावेदः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बांग्लादेश में वर्तमान राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति का ब्यौरा क्या है;
(ख) विशेषकर कुछ विदेशी शक्तियों की बढ़ती रुचि और भागीदारी को देखते हुए बांग्लादेश की उभरती स्थिति के संबंध सरकार का क्या आकलन है;
(ग) क्या सरकार बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति को भारत के लिए कोई संभावित सुरक्षा या रणनीतिक खतरा मानती है; और
(घ) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा और इसकी पूर्वी तथा पश्चिमी सीमाओं पर किसी भी प्रतिकूल घटनाक्रम से उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क से घ***)*** बांग्लादेश में राजनीतिक और सुरक्षा की स्थिति गतिशील और परिवर्तनशील है। भारत और बांग्लादेश के बीच बहुआयामी और घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंध रहे हैं**,** जो दशकों के निकट संपर्क के आधार पर विकसित हुए हैं**,** और द्विपक्षीय वार्ता जारी रखने का आधार प्रदान करते हैं। भारत सरकार बांग्लादेश में सभी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखती है**,** जिनका भारत के हितों और व्यापक क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा पर असर पड़ सकता है और भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है।

सरकार सीमा पर लगातार निगरानी रखती है और भारत की सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में उचित उपाय करती है।

*****